# हैरिटेज स्कूल

## अर्धवार्षिक परीक्षा( नमूना प्रश्न–प्त्र)

### सत्र् : 2017–2018

**कक्षा : चार** — **पूर्णांक : 60**

**विषय : हिंदी** — **समय : $2^{1/2}$ घंटे**

---

<u>सामान्य निर्देश</u> :–

1. *प्रश्न पत्र के चार खण्ड हैं – क, ख, ग और घ।*
2. *सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना आवश्यक है।*
3. *वर्तनी और सुलेख का ध्यान रखें।*
4. *प्रश्न के उत्तर लिखने से पहले प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।*
5. *इस प्रश्न–पत्र में कुल प्रश्नों की संख्या 14 और पृष्ठ 6 हैं।*

## खण्ड – क 'अपठित' (15)

| | | |
|---|---|---|
| प्र01: | निम्नलिखित अपठित गद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– | (5) |
| | रात्रि का अंधकार तो दीप जलाकर दूर किया जा सकता है, किंतु जिसके जीवन में अंधकार छाया हो उसे दूर करना आसान नहीं। ब्रेल लिपि का आविष्कार करके 'लुई ब्रेल' ने दृष्टिहीनों की अँधेरी दुनिया को ज्ञान के प्रकाश से भर दिया। बचपन में हुई एक दुर्घटना में लुई ने अपनी आँखें खो दी थीं। लुई ने स्पर्श के माध्यम से वस्तुओं के तथा ध्वनियों के माध्यम से विभिन्न आवाज़ों के अंतर को पहचानना सीखा। एक बार जहाँ वे कार्य करते थे वहाँ 'रात्रि–लेखन विधि' का प्रदर्शन हुआ। ये विधि सैनिकों के लिए विकसित की गई थी, जिससे वे अँधेरी रात में भी छूकर संदेश पढ़ सकें। इससे प्रेरणा लेते हुए उन्होंने 'ब्रेल लिपि' का विकास किया। वे अपने कमरें में रात–रात भर मोटे कागज़ पर बिंदुओं से अक्षर बनाते और दिन में अपने मित्रों से उन्हें पहचानने को कहते। कई वर्षों की मेहनत के बाद उनकी पुस्तक प्रकाशित हुई। किसी भी नई चीज़ को स्वीकार करने में समय लगता है। लुई के साथ भी ऐसा ही हुआ। उनकी लिपि पेरिस में प्रसिद्ध तो हो गई, किंतु उनके जीते–जी उनकी लिपि औपचारिक रूप से मानी नहीं गई। परंतु आज लगभग हर विषय की पुस्तकें ब्रेल लिपि में उपलब्ध हैं। दृष्टिहीन व्यक्ति आज ब्रेल लिपि में लिखीं पुस्तकें पढ़कर सामान्य लोगों की तरह ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं।  | |
| क. | लुई ब्रेल ने किसका आविष्कार किया ? | .5 |

| | | |
|---|---|---|
| ख. | ब्रेल लिपि कैसे व्यक्तियों के लिए पढ़ने में सहायक है ? | 1 |
| ग. | 'रात्रि–लेखन विधि' किसके लिए विकसित की गई थी और क्यों ? | 1 |
| घ. | लुई ने अपनी आँखें कैसे खो दी थीं ? | 1 |
| ड. | 'औपचारिक' का विलोम लिखिए। | .5 |
| च. | गद्यांश में आए संयुक्त व्यंजन वाले दो शब्द लिखिए। | .5 |
| छ. | उपरोक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए । | .5 |
| प्र02: | निम्नलिखित अपठित काव्यांश को पढ़कर संबंधित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– | (5) |
| | बोलो–बोलो मौसम कितने ?<br>घर में हम सब जन हैं जितने!<br>दादा जी यों खुश–खुश रहते, वसंत में जैसे फूल हैं खिलते<br>पापा कुछ हैं रूखे–फीके, ग्रीष्म जैसे तीखे–तीखे।<br>वर्षा बरसे थम–थम, जम–जम, मुन्नी नाचे छम–छम, छम–छम।<br>शरद ऋतु–सी ये हैं मम्मी, थोड़ी खट्टी, थोड़ी मीठी।<br>हेमंत मेरा नाम भी है, उस जैसा मेरा नाम भी है।<br>शिशिर न भाए दादी जी को, बहुत सताए दादी जी को। | |
| क. | घर में कितने सदस्य हैं ? | 1 |
| ख. | प्रश्न का उत्तर किसने दिया है ?(हेमंत ने या शिशिर ने) | .5 |
| ग. | पापा की तुलना किस ऋतु (मौसम ) से की गई है ? | 1 |
| घ. | काव्यांश में आए दो युग्म शब्द लिखिए। | 1 |
| ड. | 'फूल' शब्द के दो पर्यायवाची लिखिए। | 1 |
| च. | उपरोक्त काव्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। | .5 |
| प्र03: | निम्नलिखित अपठित गद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– | (5) |
| | पुस्तकालय तपोभूमि है, यज्ञशाला है और सरस्वती का मंदिर है। सबने एक स्वर में इसकी प्रशंसा की है। तिलक ने कहा है, "मैं नरक में जाने को तैयार हूँ, यदि वहाँ उत्तम पुस्तकों वाला पुस्तकालय हो।" रस्किन का कहना है, "उत्तम पुस्तकालय एक राजकोष है, जहाँ हीरे–जवाहरात, सोना–चाँदी नहीं, ज्ञान रूपी रत्नों का भंडार है।" पुस्तकालय सच में ज्ञान का भंडार है। यहाँ एक से बढ़कर एक पुस्तकें मिलती हैं। पुस्तकालय न केवल हमें बुराइयों से बचाते हैं बल्कि हमें ज्ञान और मनोरंजन भी प्रदान करते हैं। उत्तम पुस्तकें मित्र से बढ़कर हैं। इधर–उधर गप्पें मारने से और उल्टी–सीधी बातें करके किसी के मन को ठेस पहुँचाने के | |

| | | |
|---|---|---|
| | स्थान पर किसी पुस्तकालय में जाकर पुस्तकें पढ़ना अच्छा है। | |
| क. | पुस्तकालय है–<br>**i)** तपोभूमि **ii)** सरस्वती का मंदिर **iii)** दोनों | **1** |
| ख. | पुस्तकालय को राजकोष कहा है–<br>**i)** रस्किन ने **ii)** टैगोर ने **iii)** तिलक ने | **1** |
| ग. | उत्तम पुस्तकें किससे बढ़कर हैं ?<br>**i)** शिक्षक से **ii)** मित्र से **iii)** संबंधी से | **1** |
| घ. | पुस्तकालय ज्ञान के अतिरिक्त और क्या प्रदान करते है ?<br>**i)** हीरे–जवाहरात **ii)** रत्न **iii)** मनोरंजन | **1** |
| ड. | अच्छी पुस्तकों के लिए कौन नरक में भी जाने को तैयार है ?<br>**i)** रस्किन ने **ii)** तिलक ने **iii)** गांधी ने | **1** |
| खण्ड – ख 'रचना' (10) | | |
| प्र04: | निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न कर उत्तर दीजिए। | 5 |
| क. | <u>अनुच्छेद लेखन</u> (५० से ६० शब्दों में)<br><br>बढ़ता प्रदूषण<br><br><u>संकेत बिंदु</u> :– प्रदूषण का अर्थ–'वातावरण का दूषित होना' , वृक्षों की कटाई , धुआँ , नदियों में गंदगी बहाना , वाहनों के शोर से ध्वनि प्रदूषण , कई बीमारियों का फैलना , उपाय।<br><br>अथवा | |
| ख. | <u>कहानी लेखन</u> (शीर्षक तथा शिक्षा सहित)<br><br>किसी जंगल में एक सियार का रहना ––––– एक गाँव में घुसना ––––– कुत्तों का पीछे पड़ना ––––– डरकर भागना ––––– धोबी के घर घुसना ––––– घबराकर टब में गिरना ––––– टब में नीले रंग का पानी ––––– सियार का नीले रंग का हो जाना ––––– रँगे सियार को कुत्तों द्वारा न पहचानना ––––– जंगल के जानवरों का डरना ––––– रँगे सियार का खुद को राजा बताना ––––– शाम को सियारों का बोलना ––––– रँगे सियार से रहा न जाना और 'हुआँ–हुआँ ' करना ––––– रँगे सियार की पोल खुलना ––––– शेर द्वारा मारा जाना ––––– शिक्षा। | |

| | | |
|---|---|---|
| | | |
| प्र05: | औपचारिक पत्र | 5 |
| | बहन के विवाह के लिए अवकाश हेतु प्रार्थना–पत्र लिखिए।<br>अथवा<br>प्रधानाचार्य को बस बदलने के लिए प्रार्थना–पत्र लिखिए । | |

## खण्ड – ग 'व्याकरण' (15)

| | | |
|---|---|---|
| प्र06: | | |
| क | निम्नलिखित शब्दों में से सार्थक और निरर्थक शब्दों को अलग कीजिए –<br>हिमालय हलतामज गिलहरी ईठामि | 1 |
| ख | दिए गए वाक्यों में उद्देश्य और विधेय अलग–अलग लिखिए :–<br>i) प्रेमचंद हिंदी के प्रसिद्ध लेखक हैं।<br>ii) कुम्हार मिट्टी के बर्तन बनाता है। | 2 |
| ग | निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्द कौन–सी संज्ञा है, भेद बताएँ :–<br>i) ममता पढ़ाई में बहुत होशियार है।<br>ii) एवरेस्ट की चढ़ाई बहुत कठिन है। | 1 |
| घ | निर्देशानुसार उचित सर्वनाम शब्द भरें –<br>i) वह ________ घर चला जाएगा। ( निज वाचक सर्वनाम )<br>ii) यह गाड़ी ________ जाती है ? ( प्रश्न वाचक सर्वनाम )<br>iii) ________ लाठी, ________ भैंस। ( संबंधवाचक सर्वनाम ) | 3 |
| ड. | निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्द का लिंग बदलकर वाक्य पुनः लिखिए –<br>i) वह बहुत विद्वान था।<br>ii) नायक ने बहुत सुंदर अभिनय किया। | 2 |
| च | निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं तीन के वचन बदलें –<br>i) सड़क (ii) नदी (iii) टोकरी<br>iv) कहानी (v) रुपया | 3 |

| | | |
|---|---|---|
| छ | निम्नलिखित में से किन्हीं तीन शब्दों के दो भिन्न अर्थ लिखें –<br>i) मगर (ii) हार (iii) वर्ण<br>iv) फल (v) जग | 3 |

## खण्ड – घ 'पाठ्यपुस्तक' (20)

| | | |
|---|---|---|
| प्र07: | निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर संबंधित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– | (3) |
| | "बस, एक बाल्टी दे दो, झट से दो–चार लोटे डाल लेंगे।" उस व्यक्ति ने कहा।<br>"अरे! आप समझते क्यों नहीं! आज सभा है। भीतर बड़े–बड़े लोग जमा हैं। उनके नहाने के लिए हर कमरे में पानी पहुँचाना है। देर मत करवाओ।" गज्जन ने बाल्टी लेकर जाते हुए कहा।<br>"अच्छा लाओ हम भी मदद कर देते हैं।" वह व्यक्ति बोला।<br>उस व्यक्ति ने अपनी धोती और लोटा रखा और बाल्टी भरते ही दौड़–दौड़कर गज्जन को पकड़ाने लगे। थोड़ी ही देर में उन दोनों के प्रयासों से सबके कमरों में पानी पहुँच गया। गज्जन बैठकर सुस्ताने लगा। व्यक्ति ने झटपट स्नान किया। गज्जन को धन्यवाद देते हुए वे वहाँ से चले गए। | |
| क. | पाठ का नाम लिखें। | .5 |
| ख. | गज्जन से पानी माँगने वाला व्यक्ति कौन था ? | .5 |
| ग. | गज्जन ने पानी देने से क्यों मना का दिया था ? | 1 |
| घ. | पानी भरने के बाद उस व्यक्ति ने क्या किया ? | 1 |
| प्र08: | निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर संबंधित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– | (3) |
| | जन–जन के जीवन में फिर से<br>नई स्फूर्ति नव प्राण भरो।<br>नई प्रातः है, नई बात है,<br>नई किरण है, ज्योति नई।<br>नई उमंगें, नई तरंगें,<br>नई आस है, साँस नई। | |
| क. | कवि और कविता का नाम लिखें ? | 1 |
| ख. | किरण कैसी है ? | .5 |

| | | |
|---|---|---|
| ग. | कवि किससे नई स्फूर्ति भरने के लिए कह रहा है ? | 1 |
| घ. | 'नव ' शब्द का अर्थ लिखें। | .5 |
| प्र09: | निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– | 1x4=4 |
| क. | धरती माँ क्या संदेश दे रही है ? | |
| ख. | पाठ 'शिक्षा' में राजकुमार ने गुरुजी से क्षमा क्यों माँगी ? | |
| ग. | राजेंद्र बाबू कौन थे ? | |
| घ. | पाठ 'अनमोल भेंट' में फलन वास्तव में किसका पुत्र था ? | |
| ड. | पाठ 'सादगी भरा दिल' में गज्जन कौन था ? | |
| प्र010: | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो शब्दों में दीजिए। | 1x3=3 |
| क. | पाठ 'वह देश कौन–सा है' के अनुसार भारत की धरती किससे भरी पड़ी है ? | |
| ख. | पाठ 'सादगी भरा दिल' में गज्जन किसे देखकर आश्चर्यचकित हो गया ? | |
| ग. | पाठ 'अनमोल भेंट' में बालक ने रामचरण से क्या पाने की ज़िद की ? | |
| प्र011: | निम्नलिखित मूल्यपरक प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का ४० से ५० शब्दों में लिखें। | 2 |
| क. | आपने कभी–न–कभी अपने किसी सहपाठी की सहायता की होगी। अपना अनुभव लिखें। | |
| ख. | आपके विद्यालय में जब कोई उत्सव होता है तो आप अपनी कक्षा को अपने सहपाठियों के साथ मिलकर कैसे सजाते है, लिखिए। | |
| प्र012: | निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं चार शब्दों के अर्थ लिखें –<br>शिक्षार्थी , मंगलमयी , स्वयंसेवक , आभूषण , व्यतीत , चेष्टा | 2 |
| प्र013: | निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों का वाक्य में प्रयोग करें –<br>क्षण , प्राण , आश्चर्यचकित , प्रयास , प्रमाण | 2 |
| प्र014: | किसने किससे कहा ? | 1 |
| क. | " आपको क्या जल्दी है ? कुछ देर रुक जाओ।" | |
| ख. | "इसको क्षमा कर दीजिए। यदि आप इसे नहीं रखना चाहते, तो इसकी थोड़ी पेंशन बाँध दीजिए।" | |